कार्यालयः प्रधानाचार्य, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज एवं संबद्ध चिकित्सालय बाँदा।
Email. ID. bandamedicalcollege@gmail.com Website www.gmcbanda.ac.in

संख्याः रा0दु0मे0का0बाँ0 / विज्ञप्ति / 2024 / 1422 दिनांकः—03.08.2024

—::रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, बाँदा में संविदा के आधार पर सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्तिः:—

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या—रा0दु0मे0का0बाँदा / 2024 / 4584, दिनांक—06.03.2024 द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में माह—अप्रैल, 2024 से प्रत्येक गुरूवार को इस चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विशिष्टताओं में सीनियर रेजीडेन्ट्स के पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र एतत्द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। एन0एम0सी0 मानकों के अनुरुप सीनियर रेजीडेन्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु वाक—इन—इन्टरव्यू (Walk in interview) के माध्यम से कालेज स्तर से चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त सम्बन्धित मूल अभिलेखों व एक सेट अभिलेखों (शैक्षिक / जाति / अनुभव प्रमाण पत्रों / शोध पत्र) की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 फोटो के साथ **दिनांक—08.08.2024 (गुरूवार) को प्रधानाचार्य कार्यालय, मेडिकल कालेज, बाँदा में समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, बाँदा में संविदा पर चयन हेतु 100 बिन्दु रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों की स्थिति

क्र.सं.	विशिष्टता का नाम	विशिष्टता का नाम अंग्रेजी में	सीनियर रेजीडेन्ट
1	आर्थोपेडिक्स	Orthopedics	01 (OBC)
2	आप्थलमोलॉजी	Ophthalmology	0
3	आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलॉजी	Obstetrics and Gynecology	0
4	इमरजेंसी मेडिसिन	Emergency Medicine	09 (03 UR, 03 OBC, 02 SC, 01 EWS)
5	एनाटमी	Anatomy	0
6	एनेस्थीसियोलॉजी	Anesthesia	03 (OBC, SC, EWS)
7	दन्त रोग	Dentistry	0
8	जनरल मेडिसिन	General Medicine	06 (02 UR, 02 OBC, 01 SC, 01 EWS)
9	जनरल सर्जरी	General Surgery	01 (SC)
10	ट्यूबरकुलोसिस एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन	Tuberculosis and Respiratory Medicine	01 (OBC)
11	डर्मेटोलॉजी, वेनेरोलॉजी एण्ड लेप्रोसी	Dermatology, Venereology and Leprosy	01 (UR)
12	पीडियाट्रिक्स	Pediatrics	0
13	फार्माकोलॉजी	Pharmacology	0
14	फिजिकल मेडिसिन एण्ड रिहेबिलटेशन	Physical Medicine and Rehabilitation	02 (UR, OBC)
15	फोरेंसिक मेडिसिन	Forensic Medicine	0
16	बायोकेमिस्ट्री	Biochemistry	0
17	माइक्रोबायोलॉजी	Microbiology	0
18	रेडियो—डायग्नोसिस	Radio-Diagnosis	02 (UR, SC)
19	पैथोलॉजी	Pathology	0
20	ब्लड बैंक	Blood Bank	0
		Total	**26**

नोट–शासन द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन की प्रक्रिया की जायेगी एवं पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

उक्त पदों पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत हैः–

1. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले सीनियर रेजीडेन्ट का वेतनमान रू0–67,700/–(7th Level 11) प्रतिमाह है।
2. **समस्त पदों पर योग्यता एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मानको के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।**
3. संविदा पर नियुक्त एस0आर0 सेवाएं महानिदेशालय से सेवा बाण्ड के आधार पर चयनित सीनियर रेजीडेन्ट के उपलब्ध होने/सम्बन्धित विषय में पी0जी0/डी0एन0बी0 डिप्लोमा छात्र–छात्राओं के प्रवेश लेने पर (Last Come First Go) के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती है। संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का वेतन/मानदेय जमा कराना होगा।
4. उक्त पदों पर शासन के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा। सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर चयन की प्रक्रिया चयन समिति द्वारा की जायेगी।
5. साक्षात्कार की तिथि, अन्य विवरण एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें मेडिकल कालेज की वेबसाइट www.gmcbanda.ac.in पर समय–समय पर प्रदर्शित की जायेगी। अतः वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।
6. **आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये ही मान्य होगा।**
7. **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) प्रमाण पत्र दिनांक–01.04.2024 के पश्चात् का ही मान्य होगा।**
8. उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावतिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा।

नोट–वाइ–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
रा0दु0मे0का0,बाँदा।

संख्याः रा0दु0मे0का0बाँ0/विज्ञप्ति/2024/1422 तद्दिनांकः–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
3. वित नियन्त्रक, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, बाँदा।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, सूचना भवन, पार्क रोड, लखनऊ।
5. प्रधानाचार्य, समस्त मेडिकल कालेज,/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय उ0प्र0।
6. प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान कार्यालय, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, बाँदा।
7. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, मेडिकल कालेज, बाँदा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सदस्य चयन समिति चिकित्सा शिक्षक/एस0आर0, मेडिकल कालेज, बाँदा।
9. नोटिस बोर्ड/सूचना पट्ट् हेतु।

प्रधानाचार्य
रा0दु0मे0का0,बाँदा।